डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 159 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 26 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया




## प्रदेश सरकार ने जारी किया आदेश, संपत्ति व जलकर सहित अन्य करों में छूट

**भोपाल, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सरकार ने आमजन को विभिन्न करो में बड़ी छूट दी है। सरकार ने प्रमुख करो के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया है। उपभोक्ताओं को संपत्ति कर, जल प्रभार सहित अन्य उपभोक्ता प्रभार पर अधिभार में यह छूट दी गई है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगरपालिका परिषदों और नगर परिषदों को पत्र लिखकर छूट देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सभी प्रकार के करों की वसूली नियत समय में करने के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने नागरिकों को खासी राहत दी है। विभाग ने संपत्ति कर, जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में उपभोक्ताओं को यह छूट दी जाएगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त ने बताया कि उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में यह छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी नागरिक अपने नगरीय निकाय क्षेत्र के वार्ड कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 की कर वसूली 31 मार्च 2025 तक ही हो सकेगी। 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष संपत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डॉमिस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। वृद्धि नहीं होने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पढ़ सकता है।

मामला घर के पीछे आड़ बनाकर अफीम की खेती का...

## दो दिन की रिमांड पर सदाराम

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में अवैध रूप से अफीम की खेती करने के आरोप में सदाराम बंजारा को हिरासत में लिया था। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सदाराम ने पुलिस को बताया कि वह खुद ही यह खेती कर रहा था और शुरु दिन ही डोडो में चूरा लगाया था। उसने पहली बार ही अफीम की खेती करने की सोची थी। लेकिन, मुखबीर ने पुलिस को सूचना दे दी और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। हालांकि, पुलिस को उसकी बातो पर भरोसा नहीं हो रहा है। बता दें कि सदाराम पर आरोप है कि वह घर के पीछे के खेत में आड़कर अफीम की खेती कर रहा था। करीब 880 फीट पर लगे 03 हजार से ज्यादा अफीम के हरे पौधे डोडे सहित पुलिस ने जप्त किए है। मामले में पुलिस ने आरोपी सदाराम के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

किताबों-यूनिफार्म में कमीशन के खेल पर सख्ती...

# सरकार ने जारी किए निर्देश, अब स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी



### डीईओ को दी गई स्कूलों पर निगरानी की जिम्मेदारी

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** निजी स्कूलों ने शुल्क ढांचे (फीस स्ट्रक्चर) में मनमानी की या यूनिफॉर्म, कॉपी-किताब को किसी विशेष दुकान से खरीदने का दबाव बनाया तो उन पर कार्रवाई हो सकती है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। स्कूलों को 31 मार्च तक अपना फीस स्ट्रक्चर और कोर्स की जानकारी सार्वजनिक करने को कहा गया है, ताकि पेरेंट्स को इसकी जानकारी हो जाए। भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश निजी स्कूलों द्वारा किताबों की सूची और फीस की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इसके साथ ही स्कूलों द्वारा निश्चित दुकानों से कॉपी-किताबें व यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बनाया जाने लगा है।


कमीशन का खेल, पेड़ और जेब के साथ मासूम कंधों को कर रहा कमजोर
आदेश की औपचारिकता, प्रशासन स्कूल वालों की मनमानी के आगे नतमस्तक


### अब डीईओ की जिम्मेदारी...

वैसे आदेश तो हर साल जारी होते हैं। लेकिन, स्थानीय स्तर पर लापरवाही नजर आती है। अब जिला शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी को निगरानी और आदेश लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है। कहा गया है कि डीईओ सुनिश्चित करें कि जिले के सीबीएसई, आईसीएसई, एमपी बोर्ड समेत सभी प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक स्कूल में संचालित की जाने वाली किताबों, कॉपियों व यूनिफॉर्म की सूची 31 मार्च तक विद्यालय के सूचना पटल पर लग जाएं।

### 'गुरु एक्सप्रेस' ने भी उठाया था मुद्दा...

दैनिक 'गुरु एक्सप्रेस' द्वारा निजी स्कूलों की इस मनमानी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था। अब स्कूल शिक्षा विभाग ने कॉपी-किताब व ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने पर कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। संयुक्त संचालक अरविंद चौरगड़े के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले निजी स्कूल लेखक एवं प्रकाशक के नाम और मूल्य के साथ कक्षावार पुस्तकों की सूची विद्यालय में प्रदर्शित करें। ऐसी सूची मांगने पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि विद्यार्थी या अभिभावक इनको खुले बाजार से भी खरीद सकें। प्रत्येक स्कूल प्रबंधक, प्राचार्य, स्कूल में हर कक्षा की पाठ्यपुस्तकों और प्रकाशकों की जानकारी को डीईओ की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। किसी भी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर स्कूल का नाम अंकित नहीं होना चाहिए। स्कूल के सूचना पटल पर यह भी अंकित किया जाए कि अभिभावक किसी दुकान विशेष से कोई भी सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं हैं।

### एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य...

आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने पहली से 12वीं तक की कक्षाओं में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य कर दी है। कहा गया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए, नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डिब्बा बंद दूध की कीमत में भारी बढ़ोतरी, बेबी फूड के भी दाम बढ़े

**इंदौर/मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** छोटे बच्चों के लिए उपयोगी डिब्बाबंद दूध और उनके पोषण आहार (बेबी फूड) पर भी महंगाई का साया पड़ चुका है। अलग-अलग कंपनियों ने मनमाने तरीके से बच्चों के डिब्बाबंद दूध और पोषण आहार से जुड़े प्रोडक्टस के दाम बढ़ा दिए हैं। हालात यह है कि दो साल के भीतर ही इनके दामों में 30 से 40 फीसदी तक का इजाफा हो चुका है। इनकी कीमतें क्रमश: 110 रुपए से लेकर 300 रुपए तक बढ़ी हैं। ऐसे में जिन घरों में छोटे बच्चे हैं, उन्हें मन मारकर महंगे दामों पर इनकी खरीदी भी करनी पड़ रही है। बच्चों के डिब्बाबंद दूध और पोषण आहार की मांग का इसी बात से पता चलता है कि शहर में रोजाना लाखों रुपए के माल की खपत होती है।

### ऐसे बढ़ाई कीमतें...

एक कंपनी का 400 ग्राम डिब्बाबंद दूध 2023 में 375 रुपए में बिकता था। उसकी कीमत अब 485 रुपए हो गई है। इसी तरह 225 रुपए का जो पोषण आहार था, अब उसके दाम बढ़ाकर 325 रुपए कर दिया गया है। एक अन्य कंपनी के 215 रुपए में मिलने वाले पोषण आहार की कीमत बढ़ाकर 325 रुपए प्रति डिब्बा कर दी गई है। बाजार में आहार व डिब्बाबंद दूध का कारोबार करने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक कंपनियां काम कर रही हैं।

### प्रिंट रेट से कम नहीं करते कीमत...

व्यापारियों ने बताया कि बेबी फूड पर डिस्ट्रीब्यूटर थोक विक्रेताओं को 09 फीसदी कमीशन देता है। थोक वाले 07 फीसदी कमीशन फुटकर विक्रेताओं को देते हैं। जबकि, अन्य एलोपैथिक दवाओं पर थोक व फुटकर कमीशन 20 फीसदी तथा स्टॉकिस्ट को 10 फीसदी तक कमीशन मिलता है। अधिकांश फुटकर दुकानदार बेबी फूड को प्रिंट रेट पर ही बेचते हैं। कंपनियों ने मनमाने तरीके से इनके दामों में बढ़ोतरी की है।




# निजी विद्यालयों में गरीबों के बच्चों को मिलेगा प्रवेश

### पिछले वर्ष की प्रारंभिक कक्षाओं के एडमिशन के मुताबिक 25 प्रति. बच्चों को देना होगा निःशुल्क प्रवेश

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा का अधिकार (राइट-टू-एजुकेशन एक्ट-आरटीई) के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवार के बच्चों का अशासकीय स्कूलों में दाखिला करवाने नवीन सत्र-2025-2026 के लिए मप्र राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन कब से शुरू होंगे और कब तक प्रवेश देंगे, इसे लेकर शेड्यूल जारी नहीं किया है। हालांकि यह जरूर स्पष्ट कर दिया गया है कि गैरअनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों द्वारा पिछले शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की जितनी संख्या दर्ज की गई थी। उसी संख्या को आधार मानते हुए 25 फीसदी बच्चों को प्रवेश की पात्रता रहेगी।

मप्र राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आरटीई (राइट-टू-एजुकेशन एक्ट) के तहत नवीन शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले प्रवेश देने के लिए पिछले साल प्रक्रिया जल्दी शुरू कर दी थी। प्रदेश में पिछले सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए दो चरणों में 23 फरवरी से 5 अप्रैल तक प्रक्रिया पूर्ण करने का शेड्यूल जारी किया था। इसके तहत पहले चरण की प्रक्रिया 22 मार्च तक पूर्ण कर बच्चों को प्रवेश दे दिया था। दूसरे चरण की प्रक्रिया के तहत प्रवेश देने के पहले ही कुछ अशासकीय स्कूलों द्वारा हाईकोर्ट से स्टे लेने के बाद प्रक्रिया रुक गई थी। इसके बाद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई और दूसरे चरण के तहत प्रवेश नहीं मिल पाया था। इस बार उम्मीद थी कि जिस प्रकार मप्र राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रावि-मावि की परीक्षा समय पर करवाने के साथ 01 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र शुरू करने की घोषणा कर दी थी। उसी के अनुरूप आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया भी नवीन सत्र शुरू होने के पहले कम से कम पहला चरण तो पूर्ण हो जाएगा। इस साल फिर विभाग पुराने पैटर्न पर प्रक्रिया अपना रहा है।

शिक्षण सत्र 2025-26 में आरटीई के तहत पात्रता की श्रेणी में आने वाले बच्चों को प्रवेश देने के लिए 20 मार्च-2025 को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक हरजिंदर सिंह द्वारा प्रदेश के सभी डीपीजी, जिला शिक्षा केंद्रों को पत्र जारी किया है। इसके तहत नवीन शिक्षण सत्र 2025-26 में आरटीई के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों में प्रवेश देने के लिए प्रक्रिया शुरू करने के पहले आवश्यक जानकारी मांगी गई है। इसके तहत - पात्रता वाले सभी अशासकीय स्कूलों को 2024-25 में अध्ययनरत सभी बच्चों का नामांकन यू डाइस पोर्टल पर सही और समय पर दर्ज करना होगा। इसके लिए 27 मार्च तक पूर्ण करवाने की बात कही है। क्योंकि पिछले साल दर्ज बच्चों की संख्या के आधार पर 25 फीसदी सीटों पर आरटीई के तहत प्रवेश के लिए सीट आवंटित की जाएगी।




## दो सड़क हादसे, 2 युवकों की मौत, 1 युवती घायल

**पिपलियामंडी, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को दोपहर महू-नीमच राजमार्ग पर दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं एक युवती घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पहला हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे बोतलगंज सोसायटी के सामने हादसा हुआ। नीमच से मंदसौर की ओर जा रही ट्रक ने बाइक सवार बोतलगंज निवासी साहिल लाला उर्फ इरफान (19) पिता मुज़फर न्यारा को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक ट्रक के बीच में फस गई। जिसे ट्रक ड्राइवर काफी दूर तक घसीटता गया और भाग निकला। युवक को मंदसौर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पिपलियामंडी पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरा हादसा दोपहर 3.30 बजे मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र में मुरली के पास फन्टे पर हुआ। कार (जीजे 18 ईसी 5373) ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी। इसमें जलोदिया केलूखेड़ा (राजस्थान) निवासी सुनील (30) पिता कन्हैयादास बैरागी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठी शकरग्राम (जीरन) निवासी ऐश्वर्या (30) गंभीर घायल हो गई। जिसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। मल्हारगढ़ पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पुलिस वालों ने फिर बहाया पसीना

### पुलिस कप्तान ने रखी नजर, 500 पुलिस अधिकारी कर्मचारी उतरे मैदान में, 288 वारंटी पकड़े

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात पुलिस की कॉम्बिंग गश्त हुई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक सभी ने रात भर पसीना बहाया। शराब, मादक पदार्थो की धरपकड़ के साथ गुंडे बदमाशों की जांच भी की गई। इसके साथ ही 288 वारंटियों को भी पकड़ा गया। करीब पांच सौ पुलिस वालों ने जिलेभर में कारवाई की।



कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने रातभर दबिशें दी। कुल 288 वारंटियों को धरदबोचा, जिनमें 163 स्थायी वारंटी एवं 119 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा गया। नारायणगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अफीम की फसल के हरे/गीले पौधे डोडे सहित कुल वजन 103.070 किग्रा, कीमती 2 लाख 06 हजार रू का माल जप्त किया। अफजलपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी से 276 ग्राम अफीम कीमती 25 हजार रू की जप्त की। इस दौरान पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने सतत मानीटरिंग की। कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस द्वारा 71 हिस्ट्रीशीटर/बदमाशों की चेकिंग की गई। 75 गुंडा/बदमाशों को चेक करते कुल 146 निगरानी/गुंडा बदमाशों की चैकिंग की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस द्वारा अवैध शराब के कुल 37 प्रकरणों में 37 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 188.98 लीटर कुल कीमती 52 हजार 960 रू की अवैध शराब जप्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों समेत समस्त थानों की 51 गश्त पार्टियों में कुल 500 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा गश्त की कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

### सीतामऊ पुलिस ने पकड़े सबसे ज्यादा वारंटी...

काम्बिंग गश्त के दौरान कुल 163 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किये गये। जिनमें थाना कोतवाली 17, थाना वायडी नगर- 15, थाना नई आबादी-04, थाना भावगढ़ 02, थाना दलोदा-07, थाना नाहरगढ 08, थाना अफजलपुर- 20, थाना पिपलियामंडी- 06, थाना नारायणगढ- 23, थाना मल्हारगढ़-03, थाना सीतामऊ- 25, थाना सुवासरा- 11, थाना शामगढ़- 09, थाना गरोठ- 08, थाना भानपुरा द्वारा 05 वारंट तामिल कराए गए। इसी प्रकार जिले में कार्यवाही के दौरान कुल 119 गिरफ्तारी वारंटियों की भी धरपकड़ की गई। इसमें थाना कोतवाली- 16, थाना वायडी नगर- 04, थाना नई आबादी 03, थाना भावगढ- 02, थाना नाहरगढ-06, थाना दलौदा- 04, थाना अफजलपुर- 02, थाना पिपलियामंडी- 02, थाना नारायणगढ- 03, थाना मल्हारगढ-05, थाना सीतामउ- 13, थाना सुवासरा- 07, थाना शामगढ़- 19, थाना गरोठ- 09, थाना भानपुरा-20, थाना गांधीसागर द्वारा 04 वारंटियो पर कार्यवाही की गई।



**तैयार हो गया स्वीमिंग पुल-** चैत्र प्रतिपदा नववर्ष अर्थात गुड़ी पड़वा से स्वीमिंग पुल पुनः प्रारंभ किया जाएगा। इसकी तैयारी लगातार चल रही है। बता दें कि सर्दी के करीब 03 माह स्वीमिंग पुल को बंद कर दिया जाता है। रख-रखाव कर इसे गरमी की शुरुआत से पुनः प्रारंभ किया जाता है।

## विचार-मंथन

# बंगाल में संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस



कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने हाल ही में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक कर उन्हें राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत करने का टास्क दे दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नेताओं को पश्चिम बंगाल में जनाधार और संगठन को मजबूत करने की सलाह दी है। दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में बुधवार को खरगे की अध्यक्षता और राहुल गांधी एवं केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी और दीपा दासमुंशी सहित बंगाल कांग्रेस के कई अन्य बड़े नेता शामिल हुए। पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत बनाने की कांग्रेस की कवायद के साथ ही यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसको होगा ? क्या कांग्रेस के मजबूत होने का खामियाजा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उठाना पड़ेगा ? या फिर कांग्रेस की मजबूती से भाजपा को नुकसान उठाना पड़ेगा,जो ममता बनर्जी विरोधी मतों के सहारे राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए हमें वर्ष 2016 और वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करना पड़ेगा। वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 45.6 प्रतिशत वोट हासिल कर राज्य की 211 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी को वोट भी ज्यादा मिले और सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में 48.5 प्रतिशत वोट हासिल कर टीएमसी ने 213 सीटों पर कब्जा जमाया था। बीजेपी के प्रदर्शन की बात करें तो 2016 में राज्य की 291 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद पार्टी के खाते में सिर्फ 3 सीटें ही आ पाई थी और मत भी 10.3 प्रतिशत ही मिल पाया था। वहीं उस चुनाव में लेफ्ट पार्टियों के साथ मिलकर लड़ी कांग्रेस ने 12.4 प्रतिशत मत के साथ 44 सीटें जीती थी। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन सबसे ज्यादा शर्मनाक रहा। जबकि भाजपा के शानदार प्रदर्शन ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। पिछले चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत 12.4 प्रतिशत से घटकर महज 3 प्रतिशत रह गया और पार्टी के खाते में एक भी सीट नहीं आ पाई। वहीं भाजपा का मत प्रतिशत 10.3 प्रतिशत से बढ़कर 38.5 प्रतिशत पर पहुंच गया और सीटों की संख्या भी 3 से बढ़कर 77 पर पहुंच गई। आंकड़े यह साफ-साफ बता रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस अगर मजबूत होती है तो इसका खामियाजा भाजपा को भी उठाना पड़ सकता है। ममता बनर्जी के बारे में यह मान कर चला जा रहा है कि मुसलमानों की बड़ी आबादी मजबूती से उनके साथ खड़ी है और लाभार्थी हिंदुओं का साथ हासिल करने के बाद वह और भी ज्यादा मजबूत हो जाती है। ऐसे में अगर कांग्रेस के वोटों का आंकड़ा 3 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत को पार कर जाता है तो इसका नुकसान प्रारंभिक तौर पर भाजपा को ही होगा। लेकिन अगर कांग्रेस अगड़ी जातियों और मुसलमानों के अपने पुराने वोट बैंक को वापस ला पाने में थोड़ा बहुत भी कामयाब हो जाती है और 15 प्रतिशत के आसपास वोट हासिल कर लेती है तो फिर इसका नुकसान ममता बनर्जी को उठाना पड़ सकता है।

# असम में कैसे रुकेगा इंसानों और हाथियों में संघर्ष?

**डॉयचे वेले**



राज्य में बीते पांच साल के दौरान हाथियों के हमले में तीन सौ लोगों की मौत हो चुकी है।अकेले ग्वालपाड़ा जिले में ही बीते चार साल में 92 लोगों की मौत हो चुकी है।पूर्वोत्तर राज्य असम में इंसानों और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के लिए असम सरकार ने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं।इनमें मृतकों के परिजनों को मुआवजे की राशि चार से बढ़ाकर पांच लाख करने के साथ ही खेती को नुकसान की स्थिति में मुआवजा भी बढ़ाया है।इसके अलावा कई और उपाय प्रस्तावित हैं।इस पहल के तहत सरकार ने राज्य के सबसे प्रभावित पांच जिलों में गज मित्र योजना शुरू की है।इसके तहत हाथियों को उनके रहने के इलाके में पर्याप्त भोजन मुहैया कराने के साथ ही उनकी आवाजाही की पूर्व सूचना के लिए एआई से लैस कैमरे लगाने और धान की खरीद का समय पहले खिसकाने जैसे कई उपाय शामिल हैं।राज्य में अकसर नेशनल पार्क से गुजरने वाली हाइवे पर सड़क हादसों और हाथियों के हमले से बचने के लिए विभिन्न इलाकों में लगाई गई बिजली के तारों की बाड़ की वजह से भी कई हाथियों की मौत हो जाती है।अब इन पर अंकुश लगाने के लिए हाथियों की आवाजाही के लिए निर्धारित कॉरिडोर और बिजली के तारो की बाड़ से पहले में सुरक्षा जाली लगाने का भी फैसला किया गया है।यूपीः 7 महीने में 9 लोग भेड़िए के शिकार, पकड़ना क्यों मुश्किलअसम सरकार ने इस साल के बजट में इस टकराव पर अंकुश लगाने के लिए कई नए कदम उठाने की बात कही है।वित्त मंत्री अजंता नियोग का कहना था कि ऐसी मौतों की स्थिति में मौजूदा मुआवजे की रकम चार से बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है।इसके अलावा फसलों के नुकसान के मामले में भी मुआवजे की रकम साढ़े सात हजार प्रति बीघे से बढ़ा कर आठ हजार कर दी गई है। उनका कहना था कि इससे किसानों को कुछ राहत मिलेगी। हाथियों की मौत के बढ़ते मामलेराज्य में विभिन्न वजहों से हाथियों की मौत के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच वर्षों में 384 हाथियों की मौत हो चुकी है।इनमें सबसे ज्यादा 63 मौतें अकेले वर्ष 2023 में हुई थी।बिजली के झटके ही इन मौतों की सबसे बड़ी वजह रही है।वन और जैविक विविधता के संरक्षण की दिशा में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन आरण्यक के महासचिव विभव तालुकदार डीडब्ल्यू को बताते हैं, इसके पीछे कई वजहें हैं।लेकिन इसके लिए अकेले इंसानों या हाथियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।हाथी भोजन की तलाश में गांव पर हमले करते हैं तो गांव वाले भी आत्मरक्षा के लिए उन पर हमले करते हैं।कई जगह हाथियों की आवाजाही के रास्ते में हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन से भी हाथियों की मौत होती रहती हैवो बताते हैं कि सरकार ने एक सींग वाले गैंडों के संरक्षण के प्रति जितनी गंभीरता दिखाई है, वो हाथियों के मामले में नजर नहीं आती।शहरीकरण तेजी से बढ़ने के कारण हाथियों के रहने और खाने की जगह सिकुड़ रही है।यही वजह है कि हाल के वर्षों में यह संघर्ष तेजी से बढ़ा है।असम एलीफैंट फाउंडेशन के संस्थापक कौशिक बरूआ डीडब्ल्यू को बताते हैं, इस टकराव को रोकने के लिए एक साथ कई पहलुओं पर काम करना होगा। लेकिन सबसे पहले लोगों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है।इसके अलावा किसानों को अगर उनकी फसलों का पर्याप्त मुआवजा मिले तो वो हाथियों पर हमले बंद कर देंगे।इसके साथ ही हाथियों पर हमले के मामले में कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए।संभावित हमले से आगाह करने के लिए आया हाथी ऐपआरण्यक ने सरकार के सहयोग से हाल में हाथियों की आवाजाही पर निगरानी और उनके संभावित हमले से लोगों को आगाह करने के लिए हाथी ऐप नामक एक मोबाइल ऐप भी लांच किया है।संगठन अब आम लोगों से हाथियों के हमलों से बचाव के लिए लगाई जाने वाली सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूकता फैला रहा है।कई मामलों में लोग हाथियों के हमले से बचने के लिए उनको बिजली के झटके देते हैं।इससे कई हाथियों की मौत हो जाती है।राज्य सरकार की बिजली, खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गोरलोसा ने इस एप को लांच किया।इस मौके पर नंदिता का कहना था, जंगल की जमीन पर बढ़ता अवैध कब्जा भी इंसानों और हाथियों के बीच बढ़ते संघर्ष की एक प्रमुख वजह है।अब इस ऐप सरकार की नई पहल और संबंधित पक्षों के सहयोग से इस संघर्ष को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद हैकई देशों में पूरी तरह खत्म हुए अफ्रीकी हाथीउनका कहना था कि ग्रामीण इलाकों में बिजली के अवैध कनेक्शन भी हाथियों की मौत की एक बड़ी वजह रहा है।अब राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के बारे में लोगों को जागरूक करने की कवायद शुरू की है।इससे टकराव पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।आरण्यक के हाथी अनुसंधान और संरक्षण विभाग के प्रमुख विभूति लहकर डीडब्ल्यू से कहते हैं, यह ऐप सरकारी विभागों और आम लोगों के बीच एक ब्रिज का काम करेगा। इस ऐप को फोन पर डाउनलोड करने के बाद लोग इसके जरिए वन विभाग को तुरंत हाथियों की आवाजाही के बारे में सूचित कर सकते हैं।इससे ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।इससे जान-माल का नुकसान तो कम होगा ही, हाथियों की मौत पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।इस ऐप की लॉन्चिंग के मौके पर मशहूर महिला महावत और पद्मश्री से सम्मानित पार्वती बरूआ का कहना था, पूर्वोत्तर भारत में रहने वाले हाथियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इंसानी बस्तियों के प्रसार के कारण उनके रहने और खाने की जगह सिकुड़ रही है।यही वजह है कि भोजन की तलाश में हाथियों का झुंड ग्रामीण इलाकों में पहुंचता रहता है।सीखना होगा वन्यजीवों के साथ रहनाउत्तर बंगाल की वन और पर्यावरण कार्यकर्ता अनिंदिता चटर्जी डीडब्ल्यू से कहती हैं, हमें वन्यजीवों के साथ रहना और जीना सीखना होगा।संघर्ष से यह समस्या खत्म नहीं होगी।इसकी बजाय संबंधित इलाके के लोगों को सह-अस्तित्व के प्रति जागरूक करना होगा।लेकिन इसके साथ ही सरकार को भी स्थानीय लोगों और संगठनों को साथ लेकर हाथियों की आवाजाही के रास्तों को अवैध कब्जे से मुक्त रखने और बिजली के झटकों से होने वाली मौतों को रोकने की दिशा में सख्त कदम उठाने होंगे उनका कहना था कि इस संघर्ष पर अंकुश लगा कर सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने में मीडिया की भी अहम भूमिका है।

# वैश्विक पटल पर पीएम मोदी की बढ़ती भूमिका

**राजीव ओझा**



हालांकि सच सामने आ ही जाता है। तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया भर की निगाहें इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हैं। आपको याद होगा कि जब 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध ने अचानक गंभीर रूप ले लिया था। जिसके चलते यूक्रेन में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्रों की जिंदगी संकट में पड़ गई थी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपने देश के युवाओं की जीवन रक्षा सर्वोपरि थी। पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात करके भारतीय छात्रों को सुरक्षित वतन वापसी के लिए सेफ पैसेज बनवाया, रूस ने कुछ देर के लिए हमले रोक दिए और भारत ने सभी छात्रों की सफलतापूर्वक घर वापसी सुनिश्चित की। उस समय विपक्ष ने खूब मजाक उड़ाया और तरह-तरह के फेक नेरेटिव गढ़े। अब जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 3 साल पूरे हो चुके हैं, भारत में कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भी तब की गई अपनी गलती मान रहे हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों पर विश्वास न करके उन्हें झूठा समझ कर मजाक उड़ाया था, जो कि उनकी एक बड़ी गलती थी। हमेशा की तरह भारतीय नेता अपने देश और अपने प्रधानमंत्री पर ही सवाल उठा रहे थे जो कि गलत था। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार कर ली है। शशि थरूर ही क्यों, ताकतवर देशों के बड़े-बड़े नेता भी अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को गंभीरता से लेते हैं। राष्ट्रपति पुतिन हों, या फिर राष्ट्रपति जेलेन्स्की और चाहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कोई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को हल्के में नहीं लेता। वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध कि आशंका से जूझ रही है, दुनिया के सभी बड़े नेता मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और लगातार इसके लिए प्रयासरत हैं। विशेष रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शांति प्रयासों को कई वैश्विक नेताओं ने सराहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, दोनों के साथ पीएम मोदी के अच्छे संबंध हैं। रूस और यूक्रेन के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठकों को कूटनीतिक दृष्टि से शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया। उदाहरण के लिए, 2022 में उज्बेकिस्तान के समरकंद में मोदी-पुतिन संवाद में रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से सलाह दी थी कि यह युद्ध का युग नहीं है। पूरी दुनिया में इसको व्यापक रूप से कवर किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम करने के आह्वान के रूप में सराहा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि भारत तटस्थता के बजाय हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि संघर्षों का हल, युद्ध के मैदान पर नहीं बल्कि मध्यस्थता और परस्पर बातचीत के जरिए ही किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि अब वह समय गया जब युद्ध के मैदान में आमने-सामने लड़ाई में हार-जीत तय होती थी। अब कूटनीति और परस्पर संवाद का समय है। बड़े देशों के नेताओं ने पीएम मोदी के इस दृष्टिकोण से सहमत हैं। एक और ताजा उदाहरण है पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव टेओफिल बार्टोशेवस्की का है जिन्होंने हाल ही में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के आरंभ में पुतिन को सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग न करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजी किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल प्रशंसनीय है। वैश्विक मंच पर यह भारत के प्रभाव, विशेष कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को दर्शाता है।

इसी तरह, फरवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शांति पहल का समर्थन करने में मोदी के प्रयासों का स्वागत किया गया, ट्रंप ने वैश्विक स्थिरता को बढ़ावा देने में पीएम मोदी की भूमिका की प्रशंसा की। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी शांतिपूर्ण समाधानों में भारत की सक्रिय भूमिका उनके कूटनीतिक प्रयासों के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया है।

# छोड़ आए हम वो गलियां...8 देशों के साथ मिलकर मोदी अब क्या ऐसा करने जा रहे हैं?

वर्तमान समय में भारत और दुनिया के लिए स्वेज कनाल को बायपास कर एक इकोनॉमिकली सस्ते रास्ते को डेवलप करना सबसे बड़ी जरूरत है और इसी जरूरत को पूरा करने के लिए आज से दो साल पहले भारत सहित आठ देशों ने इंडिया मीडिल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को डेवलप करने का ऐलान किया। जब हम लोग जियोग्राफी और हिस्ट्री की पढ़ाई करते थे। वर्ल्ड ट्रेड के शुरुआती सबक सिखते थे तब स्वेज नहर के बारे में सुनते थे। इससे जुड़ी क्राइसिस के बारे में सुनते थे। 32 किलोमीटर के उस संकड़े रास्ते के बारे में सुनते थे जिस पर कोई आफत आती थी तो एशिया, अफ्रीका और यूरोप के बीच व्यापार की लागत बढ़ जाती थी। भारत की बात करें तो हमारा 20 से 25 प्रतिशत का वैश्विक व्यापार यहीं से होकर गुजरता है। भारत के लिए ये रास्ता उसका एनर्जी कॉरिडोर भी है। यहीं से उसका 60 से 65 प्रतिशत क्रूड आयल इंपोर्ट होता है। ये स्वेज कनाल जिस रेड सी को मेडिटेरेनियन सी से कनेक्ट करता है उस रेड सी की क्राइसिल से दुनिया हूतियों के हमलों से कई बार रूबरू हो चुकी है। इस वजह से इस रूट से गुजरने वाले सभी शिपमेंट को घूमकर साउथ अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप से होकर यूरोप तक जाना पड़ता है। जिस वजह से हर राउंड में एक मिलियन का एक्स्ट्रा फ्यूल खपत होता है व शिपमेंट की डिलीवरी में भी देरी हो जाती है। वर्तमान समय में भारत और दुनिया के लिए स्वेज कनाल को बायपास कर एक इकोनॉमिकली सस्ते रास्ते को डेवलप करना सबसे बड़ी जरूरत है और इसी जरूरत को पूरा करने के लिए आज से दो साल पहले भारत सहित आठ देशों ने इंडिया मीडिल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को डेवलप करने का ऐलान किया। भारत का वो हथियार जिसे चीन का मुकाबला करने के लिए साल 2023 में जी20 की प्रेसिडेंसी के दौरान शुरू किया गया था। सितंबर 2023 में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की योजना का अनावरण किया था। सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस, जर्मनी, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना को चीन की विशाल बेल्ट एंड रोड पहल के लिए एक रणनीतिक प्रतिकार के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फरवरी में नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान आईएमईसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी, और इसे इतिहास का सबसे महान व्यापार मार्ग कहा था। लेकिन इजरायल और हमास की युद्ध की शुरुआत के बाद से ही भारत का ये हथियार थोड़ा सा कमजोर पड़ गया। यानी इस पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। ऐसे में आइए जानते हैं कि आईएईसी क्या है और किस तरह से इस कॉरिडोर के माध्यम से हम चीन को काउंटर कर सकते हैं। भारत, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस, जर्मनी, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रस्तावित आईएमईसी रेलमार्ग, जहाज से रेल (सड़क और समुद्र) और सड़क परिवहन मार्गों का एक नेटवर्क है जो दो गलियारों में फैला हुआ है, यानी पूर्वी गलियारा - भारत को खाड़ी से जोड़ता है।

# व्यापार में कमिटमेंट का सर्वाधिक महत्व-मुख्यमंत्री

**नीमच/उज्जैन, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से देश प्रदेश में समृद्धि बरस रही है।सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली नगरी उज्जयिनी में प्रथम रीजनल इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन हुआ था।उसकी सफलता के बाद 7 अन्य इंडस्ट्रियल समिट सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इंडस्ट्रियल समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन 'विकसित भारत' को साकार करने प्रदेश में 1127.24 करोड़ रुपए के निवेश से 26 विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। यह परियोजनाएं उज्जैन को एक नया औद्योगिक आयाम प्रदान करेंगी, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक और आर्थिक विकास होगा। इन इकाईयों से हमारे लगभग 5046 युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा।स्वच्छ भारत की परिकल्पना को समाहित कर प्रदेश में स्थित भारत के सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क विक्रम औद्योगिक पूरी में 28 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सामान्य अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (उएव्झ) का लोकार्पण भी किया गया है। यह उद्बोधन मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विक्रम व्यापार मेला में उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में दिया।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि व्यापार वचन से होता है,व्यापार में कमिटमेंट का सर्वाधिक महत्व है।मध्य प्रदेश सरकार औद्योगिकरण और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दिए गए वचनों को पूरा करने को संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 73 औद्योगिक इकाइयों को 441 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से प्रदेश को नंबर 1 बनायेंगे।इसके लिए प्रदेश में यह वर्ष उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। हमने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का जो सपना देखा है, वो धरातल पर उतर रहा है। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उज्जैन ,इंदौर ,देवास, धार,शाजापुर जिलों को मिलाकर एक नए मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल ,नर्मदापुरम ,रायसेन और विदिशा को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाया जाएगा।जबलपुर और ग्वालियर और उनके आस पास के जिलों का भी विकास मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में भविष्य में किया जाएगा। इससे व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन भी किया जा रहा है। विक्रम व्यापार मेले में भी व्यापार व्यापक स्तर पर हो रहा है और बहुत अधिक संख्या में गाड़िया बिक रही है।अगले कुछ वर्षों में हम बड़े स्तर पर सिंहस्थ 2028 महापर्व का भी आयोजन करेंगे।आस्था का ये महाकुंभ अर्थव्यवस्था को गति देने में इतिहास लिखेगा और उज्जैन को प्रमुख वैश्विक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करेगा। इस वर्ष 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट में सिंहस्थ के लिए 2 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया है जो आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करने के कार्य के लिए है।लाडली बहना हमारे प्रदेश का गौरव है,बजट में लाडली बहनों का विशेष ध्यान रखा गया है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में अमूल द्वारा दूध प्रसंस्करण का कारखाना भी स्थापित किया गया है। प्रदेश की सांची डेयरी को भी अमूल की तर्ज पर विकसित कर सांची को हम प्रदेश की पहचान बनाएंगे। उज्जैन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री महाकाल महालोक बनाए जाने के बाद धार्मिक पर्यटन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। 2022 से अभी तक जिले में 60 करोड़ से अधिक धार्मिक पर्यटक आए है जिससे जिले में होटल व्यवसाय ने भी बहुत तरक्की की है। इस प्रकार उद्योग के साथ आध्यात्मिक विकास का भी ध्यान रखा जा रहा है।

**प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 का सफल आयोजन किया-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 का सफल आयोजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 18 नई औद्योगिक नीतियों की घोषणा हुई।समिट के दौरान, 70 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग हुई और समिट से प्रदेश को 26.61 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो 17 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने का अवसर प्रदान करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए विगत एक माह में 19 नवीन औद्योगिक इकाइयों को 315 हैक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। प्रदेश को 9168 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हो चुका है और इससे 13000 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश अब औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जा रहा है। सरकार प्रदेश का चहुमुखी विकास कर रही है। प्रदेश में युवाओं, अन्नदाताओं, नारीशक्ति और सभी के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।प्रदेश के चंबल क्षेत्र में भी औद्योगिक विकास किया जा रहा है,अब वहां बंदूकों की आवाज की जगह ,औद्योगिक मशीनों की आवाज सुनाई दे रही है।झाबुआ में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किया जा रहा है। इसी के साथ किसान भाइयों के लिए और दूध उत्पादन बढ़ाने विक्रम विश्वविद्यालय में प्रदेश का पहला डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स शुरू किया जा रहा है। यूके, जर्मनी और जापान यात्राओं में प्रदेश को एक निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया गया, वहां से मिले समर्थन और निवेशकों की इच्छाओं को देखकर हमें यह विश्वास हुआ कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख निवेश गंतव्य बन चुका है। प्रदेश में हाल ही में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद, जो निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, वे अब धरातल पर उतरने लगे हैं। कुछ दिन पहले भिंड में औद्योगिक इकाई का भूमिपूजन किया गया, और आज उज्जैन में 26 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा रहा है।



# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद का होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर तहसील मल्हारगढ़ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह संगठन के उपाध्यक्ष श्री ईश्वर पाटीदार के संस्थान होटल पटेल सा वही पारसनाथ चौपाटी पर संपन्न हुआ जिसमें करीब 370 से अधिक सैनिक पूर्व सैनिक परिवार, वीर नारियां शहीद परिवार सम्मिलित हुए कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र व बलिदान दिवस पर क्रांतिकारी बलिदानी भगत सिंह,सुखदेव व राजगुरु के चित्र माल्यार्पण दीप प्रचलित करके बलिदानियों को याद करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद के मालवा प्रांत अध्यक्ष विंग कमांडर डी पी तिवारी व अन्य रहे सभी अतिथियों एवं वीर नारियां शहीद परिवार का स्वागत हुआ। मल्हारगढ़ तहसील प्रभारी ऋषिराज ने अतिथि परिचय एवं उनको मंचासिन करवाया। स्वागत भाषण संगठन जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया ने दिया। संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने कार्यक्रम की विषय वस्तु एवं विगत वर्षों में हुए संगठन के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, सैनिकों के बच्चे व सैनिकों ने मंचीय कार्यक्रम में नृत्य, योगा, आत्मरक्षा व गीत भी गाया। करीब 25 बच्चों व पूर्व सैनिकों ने गीत गाया देशभक्ति गानों पर नृत्य व अन्य प्रोग्राम किया। मंचीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगी को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। प्रांत अध्यक्ष डीपी तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहां की संगठन कि मंदसौर इकाई सबसे मजबूत इकाई है जहां पूर्व सैनिकों के साथ मातृ शक्तियां भी कंधा से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती दे रही है मैं यहां आकर हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस दौरान सभी तहसील के सैनिक पूर्व सैनिक बच्चों ने बड़े ही हर्षउल्लास के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन अर्चना नरेंद्र खटवड व स्नेहा पाटीदार ने किया आभार रूपचंद महावर ने माना। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, संगठन मार्गदर्शन एस के त्रिपाठी, रतनसिंह शक्तावत, एस आर जांगिड, शम्भुगीरी गोस्वामी, जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, जिला सचिव भगवत सिंह सहित जिले की सभी तहसील के करीब 370 से अधिक सैनिक परिवार सम्मिलित हुए।

### सांसद गुप्ता के विकसित भारत पर विश्व बैंक की रिपोर्ट को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा...

## देश में आर्थिक सुधार कर 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य होगा प्राप्त

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रश्नकाल के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत पर विश्व बैंक की रिपोर्ट के संबंध में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि विश्व बैंक ने ऐसी कोई रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें इस बात पर बल दिया गया है कि भारत त्वरित सुधारों और अपनी वार्षिक विकास दर को बढ़ाकर ही 2047 तक अपने विकसित भारत के सपने को साकार कर सकता है। सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व भर में व्यापार बाधाओं तथा अन्य कारकों के पुनर्गठन के कारण भारत की विकास दर वर्तमान 7.2 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना है उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को और और अधिक खोलने हेतु किए जा रहे उपायों क्या है।



प्रश्न के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि फरवरी 2025 में प्रकाशित इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मैमोरेंडम: विकमिंग ए हाई-इन्कम इकोनॉमी इन ए जनरेशन शीर्षक वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, त्वरित सुधारों का परिदृश्य भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय स्तर हासिल करने की ओर ले जाएगा। वित्तीय क्षेत्र, श्रम बाजार, भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण, व्यापारिक सुगमता, कर प्रशासन, सेवा वितरण, विनियामक ढांचा, डिजिटलीकरण और निवेश तथा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र जैसे क्षेत्रों में सरकार की पहलों और सुधारों से आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उन्होने बताया कि जनवरी 2025 में प्रकाशित ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स शीर्षक वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 प्रत्येक में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। केंद्रीय बजट 2025-26 में विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए विकास के उपायों और मार्ग को रेखांकित किया गया है। प्रस्तावित विकास उपायों में दस प्रमुख क्षेत्र निहित हैं जिनमें कृषि विकास और उत्पादकता, ग्रामीण समृद्धि और समुत्थानशीलता का निर्माण, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, विनिर्माण को प्रोत्साहित करना, एमएसएमई की सहायता करना, रोजगार-आधारित विकास को सक्षम बनाना, लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना, ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना, निर्यात को बढ़ावा देना और नवाचार को संपोषित करना शामिल है। सरकार ने कृषि, एमएसएमई, निवेश तथा निर्यातों की पहचान विकास के इंजन के रूप में तथा कराधान, वित्तीय क्षेत्र, विनियमों और अन्य क्षेत्रों में सुधारों की पहचान समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में की है।



## सृष्टि राठौर का कलेक्टर ने किया सम्मान

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सी एम राइज विद्यालय साबाखेड़ा की प्रतिभाशाली बालिका कुमारी सृष्टिराठौर कक्षा 2 री का इंग्लिश ओलिंपियाड में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर प्राथमिक विंग में सेमीफाइनल तक पहुंची। इस हेतु जिला स्तरीय सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बालिका का सम्मान किया गया।बालिका के साथ कक्षाध्यापक व मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमती निर्मला जैन, अदिति जैन व बालिका की माताजी भी बालिका के साथ सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। मंदसौर जिला प्रतियोगिता में प्राथमिक विंग में द्वितीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, डीपीसी श्री जगतदेव शुक्ल, डाइट प्राचार्य श्री दिलीप सिंह राठौर, एपीसी श्री श्याम धनगर, बीएसी श्री पंकज गेहलोत भी उपस्थित थे। सीएम राइज विद्यालय साबाखेड़ा के प्राचार्य श्री दिलीपसिंह डाबी, प्रधानाध्यापक रतनलाल चौहान, रजनी जाटव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बालिका को बधाई दी व उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रभात फैरी से हुई सात दिवसीय चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चेटीचंड के पावन पर्व पर सात दिवसीय आयोजन की भव्य शुरुआत 5 दिन तक निकलने वाली प्रभात रैली से आज से प्रारंभ हुई।

प्रभात फेरी के प्रारंभ होने के स्थान सिंधु आराधना मंदिर पर अल सुबह ही समाजजन बड़ी संख्या में एकत्रित होना शुरू हो गए थे, प्रभात फेरी की शुरुआत में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी द्वारा समाज जनों की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल जी की तस्वीर को विधिवत रूप से बग्घी में विराजित किया गया, इसके पश्चात पूज्य बहराना साहब मंडली के द्वारा प्रथम पूज्य देव श्री गणेश भगवान जी की आराधना कर प्रभात फेरी को शुरू किया गया, प्रभात फेरी सिंधु आराधना मंदिर से प्रारंभ होकर राम टेकरी नाकोड़ा नगर स्थित महेश देवनानी के निवास पर पहुंची जहां पर देवनानी परिवार व ईस्ट मित्रों के द्वारा प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात प्रदीप होतवानी के निवास पर होतवानी परिवार व राजू भाई सती दासानी के निवास पर सतीदासानी परिवार के द्वारा भी प्रभात फेरी का भव्यतम स्वागत किया गया, उसके पश्चात प्रभात फेरी पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सेवानी के निवास पर पहुंची जहां पर मौजूद सेवानी परिवार द्वारा प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया, उसके बाद प्रभात फेरी भगवत नगर स्थित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भगवान दास ज्ञानानी के आवास पर पहुंची, यहां पर ज्ञानानी परिवार द्वारा प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया और उसके बाद विधिवत रूप से प्रभात फेरी का समापन किया गया। इस दौरान प्रभात फेरी स्वागत के लाभार्थी परिवारों को भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा भगवान के आशीर्वाद के तौर पर वरुण देव मंदिर संचालन समिति द्वारा प्रदान की गई, इस दौरान प्रभात फेरी में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, वरुण देव मंदिर संचालन समिति, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत युवा संगठन, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत महिला संगठन, के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताओ, बहनों, भाइयों सहित बच्चे भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, सभी में काफी उल्लास एवं उत्साह का माहौल रहा, उक्त जानकारी वरुण देव मंदिर संचालन समिति के महासचिव विजय कोठारी ने दी।

## श्री गौतम साख सहकारी संस्था मर्या. का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम कि हम संतान हैं हमें सबके हित के लिए सबके विकास के लिए सहयोग करना चाहिए सबका साथ सबका विकास सबका सहयोग सबसे सहयोग की भावना संस्था में हो रही है सामाजिक सेवा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी कार्य करके सामाजिक चेतना लाना चाहिए ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का भी समुचित भला हो सके। शिखा सूत्र एवं संध्या आराधना अपनी वेशभूषा का कभी भी त्याग नहीं होना चाहिए तभी हम हमारे समाज के गौरवशाली इतिहास को सुदृढ बनाकर कायम रख सकेंगे। उपरोक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने श्री गौतम साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर के 31 वे वार्षिक सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने व्यक्त किए।

संस्था के संचालक बैंक प्रतिनिधि पं. गोपाल पंचारिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती माया त्रिवेदी, अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास, नगर सभा इंदौर श्री राजेश तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रतलाम श्री राजेश दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदसौर ने व्यक्त किए। सर्वप्रथम महर्षि गौतम का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष जीके व्यास ने किया वरिष्ठपत्रकार बृजेश जोशी एवं पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा,(पार्टनर) आनंदीलाल तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों श्री सुरेंद्र दीक्षित डॉक्टर प्रभात उपाध्याय, सुरेंद्र



शर्मा,डॉ.गौरी शंकर व्यास,डॉ.निधि व्यास, श्रीमती चंद्रप्रभा शर्मा, श्रीमती तिलोत्तमा व्यास, केसी शर्मा, का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भादवा माता धर्मशाला ट्रस्ट के ओम प्रकाश पुरोहित कन्हैयालाल शर्मा महेश चंद्र पुरोहित रामेश्वर जोशी बद्रीलाल पुरोहित दिनेश श्रोत्रिय, जी पी त्रिवेदी, दिनेश तिवारी, तुलसी चंद्र भट्ट ,किशोर कुमार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, ललित पंचारिया ,ओम प्रकाश शर्मा ,अनिल पुरोहित, गोविंद जोशी, अजय पांडे, यशोधर्मन शर्मा एवं कई समाज जन महिलाएं पुरुष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समाज जनों के सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन पंडित गोपाल पंचारिया एवं महेश त्रिवेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने माना।



## कलेक्टर ने किया जावद उपजैल का निरीक्षण

**नीमच, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनपद सभाकक्ष जावद में जनसुनवाई के बाद उपजेल जावद का निरीक्षण कर, जेल में निरूद्ध बंदियों को उपलब्धल करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने इस निरीक्षण के दौरान बंदियों के लिए परिजनों से मुलाकात कक्ष, उपजेल में चिकित्सक की उपलब्धता एवं उपचार सुविधा, जेल में बंदियों को उपलब्ध करवाए जा रहे नाश्ता, भोजन की गुणवत्ताप की जानकारी भी ली। उन्होने जेलर को निर्देशित किया, कि उपजेल में निरूद्ध सभी बंदी जेल नियमों का पालन करें और अनुशासन में रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने उपजेल में निरूद्ध मियादी, हवालाती एवं सामान्य मियादी बंदियों की संख्या, उनकी दिनचर्या, मुलाकात का समय की भी जानकारी ली। इस निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने उपजेल जावद परिसर में पीआईयू द्वारा निर्माणाधीन डबल मंजिल बैरक निर्माण कार्य का अवलोकन किया और निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके पूर्व, कलेक्टर श्री चंद्रा ने तहसील एवं उपखण्ड कार्यालय जावद का भी निरीक्षण किया और प्रस्तावित नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निर्माण के नक्शे का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सेंगवा में शासकीय भवन निर्माण के लिए उपलब्ध शासकीय जमीन का मौका मुआयना भी किया। एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री मयूरी जोक, जेलर श्री सी.एल.परमार भी उपस्थित थे।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर निकलने वाली वाहन रैली को लेकर बैठक संपन्न

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा को लेकर एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में निकलने वाली विशाल वाहन रैली को लेकर शहर के वार्ड नंबर 12 के जंगली बालाजी मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में वाहन लेकर आने का आव्हान किया और रैली को सफल बनाने का सकल्प लिया। बैठक के पश्चात ध्वजा वितरित की गई। जिसे अपने-अपने घरो की छत पर लगाने का आव्हन किया। बैठक में जितेन्द्र गहलोत, गोविंद नागदा, राजू मलासा, राजू सूर्यवंशी, उमेश सुहाना, धर्मेंद्र सिंह परिहार, अजय सिंह राठौड़, सुनील भरोवा, प्रदीप लोहार, भूपेंद्र सिंह जादौन, महेंद्र तिवारी, राजकुमार शर्मा, दीपक बैरागी आदि स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे। एवं वाहन रैली को सफल बनाने का सकल्प लिया।

## सीए मंदसौर कमेटी के सदस्यों ने ऑल इंडिया मैनेजिंग कमिटी मेंबर्स मीट 2025 में दर्ज कराई प्रभावी उपस्थिति

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ऑल इंडिया मैनेजिंग कमेटी मेंबर्स मीट 2025 का भव्य आयोजन दिल्ली में 21 से 23 मार्च तक संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025-26 में होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना, विभिन्न समितियों के कार्यों से सदस्यों को अवगत कराना और मेंबर्स के बीच समन्वय स्थापित करना था। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम विश्वसनीय रही, जो प्रोफेशनल्स में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी।

कार्यक्रम में 1400 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की प्रभावी भागीदारी रही, जिनमें आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी, विभिन्न राज्यों के सेंट्रल और रीजनल काउंसिल मेंबर्स उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सांसद पी. पी. चौधरी और ज़ी बिजनेस के प्रबंध संपादक सीए अनिल सिंघवी बतौर



मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंदसौर से सीए मंदसौर मैनेजमेंट कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने भी इस राष्ट्रीय बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई। मंदसौर सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश कुमार मंडवारिया, उपाध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल, सचिव नीतेश भदादा, कोषाध्यक्ष सीए अर्पित नागर, सिकासा चेयरमैन सीए अर्पित मेहता एवं सीपीई कमेटी चेयरमैन सिद्धार्थ अग्रवाल ने बैठक में मंदसौर का प्रतिनिधित्व किया। मंदसौर कमेटी के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी को मंदसौर आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया, जिससे क्षेत्र में प्रोफेशनल नेटवर्क को और अधिक सशक्त किया जा सके। इस महत्वपूर्ण आयोजन में मंदसौर कमिटी के प्रतिनिधित्व ने वहाँ आयोजित सभी कार्यक्रमों में शत प्रतिशत सक्रिय उपस्थिति दर्ज की जिसकी अपने उद्बोधन में सेन्टल कौंसिल सदस्य सीए पंकज शाह ने मंच से सराहना की। मन्दसौर सीए ब्रांच के सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति से जिले का सम्मान तो बढ़ाया ही, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सक्रियता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।



## नीमच ग्रामीण आंगनवाड़ी कार्यकताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बालविकास परियोजना नीमच ग्रामीण कि 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण भी पढ़ाई भी अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ की ऑनलाईन उपस्थिती एवं प्रीटेस्ट व स्किल डेवेलोपमेंट करने के लिय यह 03 दिवसीय ट्रेनिंग 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें बच्चो के संज्ञानात्मक, भावनात्मक, समाजिक विकास हेतु प्रशिक्षण किया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को नवचेतना आधारित 0 से 03 वर्ष व 03 से 06 वर्ष के बच्चों का बौद्धिक विकास प्रारम्भिक बाल शिक्षा के महत्व, बच्चो की आकांशाओ को समझने के लिये सामुहिक गतिविधि एवं भौतिक विकास के चरणो को समझाया गया। बच्चो के रचनात्मक और सौन्दर्य विकास, भाषा और साक्षरता मील के पत्थर कि गतिविधियां समझाई व कराई गई।



## अंक नही व्यक्तित्व निर्माण हो शिक्षा का उद्देश्य...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** परीक्षा के दिनो में बच्चो के साथ साथ अभिभावको की भी परीक्षा होती हे। इस कठिन समय में कई माता पिता अपना संयम खो देते हे और बच्चो को उसका परिणाम भुगतना पड़ता हे। सभी माता पिता अपने बच्चो को अव्वल देखना चाहते हे और यहीं से बात बिगड़ती हे। और वर्तमान परिपेक्ष्य में कही न कही अपनी इस गलती को अभिभावक समझ रहे हे। पढ़ाई का उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण होना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में व्यक्ति कितना भी शिक्षित क्यों न हो उसके लिए देश व समाज पहली प्राथमिकता होना चाहिए। वह समाज के हित में ईमानदारी से कार्य करे। उसके किसी भी कार्य से समाज को हानि नही होना चाहिए। हमारे बच्चे कैसे नागरिक बनेंगे और समाज को क्या देंगे यह तय करता हे बच्चे की परवरिश परा इसलिए आप अपने बच्चो को ऐसे संस्कार दे की वह अच्छा नागरिक बने। यदि बच्चा क्लास में अव्वल नही आ पा रहा हे या बार बार नाकाम हो रहा हे तब भी उनके प्रति हीनता के भाव न रखकर उसे दबाव में न लाए। आज भी हमारे समाज में बड़े बड़े पड़े लिखे लोगो का भी अपने परिजन और माता पिता के प्रति क्या आचरण हे यह किसी से छिपा नही हे। यदि पढ़ लिखकर अव्वल आकर भी बच्चे अच्छे नागरिक नही बन पाए तो फिर उनके पड़ने लिखने का क्या औचित्य हे। देश में बड़ी संख्या में हो रहे दुष्कर्म और हत्या जैसे अपराध बताते हे कि सब कुछ ठीक नही हे। इसलिए पढ़ाई का प्रथम उद्देश्य केवल व्यक्तित्व निर्माण ही होना चाहिए। पढ़ाई को लेकर हमारे फूल जैसे कोमल बच्चो पर इतना दबाव नही होना चाहिए कि वह परीक्षा में भयभीत रहे बल्कि उन्हे हम ऐसा बनाए की वह अंक सूची पर अव्वल होने के साथ साथ अपने शिक्षा, संस्कार और शिष्टाचार के माध्यम से भी समाज में अपना नाम कमाए और अन्य के लिए भी प्रेरणा बनकर समाज को बुराईयो से मुक्त करा सके। नही तो फिर इस किताबी पढ़ाई लिखाई का कोई लाभ नही हे। देश में यदि आने वाली युवा पीढ़ी अधिकतम अंको के साथ अपनी प्रतिभा दिखा रही हे तो वह समाज में व्यवहार में प्रदर्शित होनी चाहिए तभी हमारी शिक्षा सार्थक हो पाएगी। हमारे समाज में आज भी बेटे और बेटियों में अंतर किया जाता हे, हिंसा की जाती हे तो फिर ऐसी दशा में हमारे शिक्षित होने का क्या लाभ। जिस परीक्षा की सफलता - असफलता पर हमारे प्यारे बच्चे अपनी जान देना चाहते हे वह परीक्षा तो व्यक्तित्व निर्माण की परीक्षा के आगे बहुत छोटी हे। प्रत्येक माता पिता की यह जिम्मेदारी और कर्तव्य हे कि वह बच्चो की पढ़ाई पर जितना ध्यान देते हे उतना ही ध्यान वो उन्हे अच्छी आदते और मधुर व्यवहार के साथ वह उनके स्वभाव में आए यह सिखाने पर ध्यान दे। हमारी भारतीय परम्परा और संस्कार में भी यही हे बच्चे अच्छे नागरिक बने। अभिभावक इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि ऐसे विद्यालय में अपने बच्चो को भेजे जिसमे पढ़ाई के साथ साथ नैतिक शिक्षा व भारतीय संस्कारो पर भी जोर हो। आज आधुनिकता की अंधी दौड़ में बड़ी बड़ी इमारतो को देखकर हम हमारे बच्चो को विद्यालयो में भेज तो रहे हे पर केसी शिक्षा उन्हे वहां दी जा रही हे इस बात का भी प्रत्येक परिवार को चिंतन करने की आवश्यकता हे।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## आदेशों का अनुपालन कर आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का निराकरण करें-चंद्रा

### कलेक्टर ने की जनपद जावद में जनसुनवाई, 85 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों में पारित आदेशों का आर.सी.एम.एस. में अमल कर आदेशों का अनुपालन भी दर्ज करवाकर प्रकरणों का निराकरण करें। जब तक आदेशों का अनुपालन ना हो, प्रकरण का निराकरण नहीं माना जावेगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनपद जावद में जनसुनवाई करते हुए एक आवेदक के आवेदन पर एसडीएम जावद एवं तहसीलदार को दिए।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 85 आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिह धार्वे, तहसीलदार सुश्री मयूरी जोक, सुश्री सलोनी पटवा एवं श्री नवीन गर्ग, जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे सहित जिला एवं विकासखण्डस्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में एक ग्रामीण के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र में सभी ग्रामों, राजस्व ग्रामों और बसाहटों का सर्वे करवाकर, आबादी क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में अठाना के ओमप्रकाश शिवनारायण को संबल योजना के तहत लंबित प्रकरण में



तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। उन्होने मदनलाल धाकड़ एवं नयागांव के ग्रामीणों के आवेदन पर नगर परिषद नयागांव के कर्मचारी द्वारा राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर चरनोई भूमि का नामांतरण करने के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश परियोजना अधिकारी शहरी विकास नीमच को दिए। जनसुनवाई में बराड़ा के उदयराम पिता रामचंद्र ने पीएम आवास योजना का सर्वे सूची में नाम दर्ज करवाकर, लाभ दिलाने, लक्ष्मीनपुरा के एकता मत्स्य सहकारी समिति के राधेश्याम बंजारा ने दड़ोली के समीप अटल सागर तालाब का मत्स्य पालन के लिए पट्टा दिलाने का अनुरोध किया, इस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मेढ़की के श्याम लाल मेघवाल ने शासकीय नाले पर से अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन पर तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। रामनगर सुठोली के श्रीराम पिता कन्हैयालाल एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण में निजी खाते की भूमि आने से आम रास्ते पर (सुदुर सड़क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण करने का अनुरोध किया, इस पर कलेक्टर ने मौका निरीक्षण कर, आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जनपद सीईओ एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के जिला प्रबंधक को दिए। जनसुनवाई में अठाना के ग्रामीणों ने वार्ड नम्बर 10 में अवैध अतिक्रमण हटवाने, रतनगढ़ की नानीबाई गाडी लौहार ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने, खेड़ा राठौर के दिव्यांग दशरथ ने खेत पर जाने का रास्ता खुलवाने का अनुरोध किया।

**सीईओ ने जनसुनवाई में 70 आवेदकों की सुनी समस्याएं** -जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 70 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर डा.ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में खड़ावदा के मनोहर सिह, जयसिहपुरा के शिवलाल, नानुराम, गिरदौडा के नरेन्द्रट सिह, आमली चक के मदनलाल, दड़ौली के रामचंद्र, धनेरियाकलां के श्यामलाल, सावन के प्रेमनाथ, जीरन के फुलचंद, बरूखेडा के ताराचंद, चीताखेड़ा के चतरभुज, राजीव नगर नीमच के ओमप्रकाश, बिसलवास कलां के राधाबाई, जीरन के देवीलाल, कच्छाला के भेरूलाल, सेमली चंद्रावत के राजेन्द्रसिंह, बेसला के गोवर्धन, सेमार्डा के नानूराम ने भी आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्या सुनाई। इसी प्रकार जनसुनवाई में मालखेड़ा की रामकन्याबाई, यादवमण्डी बघाना की कृष्णा प्लास, धोकलखेड़ा के रामरतन, ग्वालटोली नीमच के कमल प्रजापति, कराड़िया महाराज के भंवरलाल, धाकड़खेड़ी की चंद्रकलाबाई, हरनावदा के मोहनसिह, नीमच की दिपीका, कचौली के संतोष, शाकीर हुसैन आदि ने अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण प्रारंभ

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मंदसौर के सभा कक्ष में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम 26 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।कार्यक्रम में 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई भी की उपयोगिता तथा 0 से 3 वर्ष के बच्चों हेतु नवचेतना एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के विकास हेतु आधारशिला पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई। खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाना, उनके भाषा विकास, शारीरिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक विकास को कैसे विकसित किया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उसको साथ ही आंगनबाड़ी प्रणाली एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण एवं उसके उपयोग तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित खिलौने के माध्यम से बच्चों का विकास कैसे जाए इस पर चर्चा की गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीमती चंद्रकांता कुमावत,श्रीमती पुष्पा परमार,श्रीमती गायत्री खींची एवं कोर्स डायरेक्टर बी आर मुजाल्दे उपस्थित रहे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 67 | 2200 | 2300 |
| उडद | 22 | 5300 | 6600 |
| सोयाबीन | 4132 | 3400 | 4165 |
| गैहु | 12433 | 2350 | 2810 |
| चना | 537 | 4500 | 5421 |
| मसुर | 212 | 5120 | 6240 |
| धनिया | 296 | 5758 | 7878 |
| लहसुन | 19500 | 4500 | 6500 |
| मैथी | 1764 | 3500 | 5601 |
| मुंगफली | 518 | 4501 | 5241 |
| अलसी | 1154 | 5601 | 6001 |
| सरसो | 394 | 5351 | 5616 |
| तारामीरा | 3 | 4830 | 4880 |
| इसबगोल | 109 | 10000 | 12700 |
| प्याज | 3061 | 650 | 1353 |
| कलोंजी | 2 | 13500 | 16281 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 44 | 6010 | 8140 |
| तिल्ली | 8 | 7501 | 8910 |
| जौ | 18 | 1900 | 1959 |
| मटरसुखी | 7 | 3655 | 4680 |
| असालीया | 80 | 6000 | 6606 |
| चियाबीज | 116 | 9500 | 13400 |

## नपा की बजट बैठक कल

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका की बजट बैठक दिनांक 27 मार्च गुरुवार को प्रात: 11:00 बजे नगर पालिका सभागृह में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में रखी गई है इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित आय व्यय (बजट) पर चर्चा की जाएगी नगर पालिका के सभी पार्षदगणों को बैठक की सूचना भेजी गई है तथा उन सभी से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## डीएम द्वारा बाबु उर्फ इरफान के विरूद्ध रासुका की कार्यवाही

**नीमच, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा (2) के तहत एक आरोपी बाबु उर्फ इरफान को तीन माह की अवधि के लिए संेट्रल जेल इंदौर निरोध में लिए जाने का आदेश जारी किया गया हैं। अनावेदक बाबू उर्फ इरफान उर्फ समीर पिता मोहम्मद रंगरेज के विरूद्ध नीमच सिटी पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर, पूर्व में जिला बदर भी किया गया था। अनावेदक पुन: आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसके विरूद्ध रा.सु.का.की कार्यवाही की गई है।

# कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी मनासा विनोद नागौरे की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए

### जिले में शेष रहे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री और आरओआर का शत-प्रतिशत कार्य इसी सप्ताह पूर्ण करवाएं, कलेक्टर ने टीएल बैठक में सभी एसडीएम को दिए निर्देश



**मनासा, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में शेष रहे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री और आधार आरओआर का शतप्रतिशत कार्य इसी सप्ताह पूर्ण करवाए। इस कार्य में पटवारी के साथ ही कोटवार, पंचायत सचिव, का भी सहयोग लिया जाए। सभी एसडीएम फार्मर रजिस्ट्री और आरओआर कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें और अत्यंत कम प्रगति वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा, कि इस माह सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में जिले के राजस्व अमले, पुलिस विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने बेहतर कार्य कर, प्रदेश में अपनी रैंक में काफी अच्छा सुधार किया है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी मनासा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए। उन्होने नगरीय निकायों की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर सभी नगरीय निकायों को शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने और इस माह प्राप्त शिकायतों का अभी से संतुष्टीपूर्वक निराकरण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में आशातीत प्रगति लाने पर राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को बधाई भी दी।

**आर.टी.ओ.ओव्हरलोड वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यावाही करें**–बैठक में जिला परिवहन विभाग द्वारा सिंगोली क्षेत्र एवं जिले में ओव्हरलोड वाहनों के विरूद्ध की जा रही जाँच एवं चालानी कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा करते हुए आर.टी.ओ.को निर्देश दिए, कि ओव्हरलोड वाहनो के विरूद्ध जॉच एवं चालानी कार्यवाही निरंतर जारी रहे और समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ओव्हरलोड वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

**उपार्जन केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो**– बैठक में कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि राजस्व अधिकारी उपार्जन केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण कर, उपार्जन के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उपार्जित गेहूं का वेयर हाउस में भण्डारण नियमित रूप से होता रहे, वेयर हाउस, एक्सेप्टेंस रसीद नियमित रूप से अविलंब जारी हो और किसानों को समय पर भुगतान हो। बैठक में बताया गया, कि जिले में अब तक 250 किसानों से 1600 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। 812 किसान गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करवा चुके है। 917 टन गेहूं का परिवहन कर, वेयर हाउस में भण्डारण किया जा चुका है। 771 मैट्रीक टन गेहूं के एक्सेप्टेंस नोट वेयर हाउस द्वारा जारी किए जा चुके है। अब तक उपार्जित गेंहू का 2 करोड़ 51 लाख के भुगतान के लिए ईपीओ जारी हो गए है। उपार्जन कार्य में वर्तमान में कोई समस्या नहीं हैं। बैठक में कलेक्टर ने केच फिशिंग कार्य के लिए जिले के उपयुक्त तालाबों का प्रस्ताव तैयार कर, भिजवाने के निर्देश भी सहायक संचालक मत्स्य को दिए। साथ ही जिले की गौशालाओ में सौलर प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव एवं स्टीमेट तैयार कर, प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।



# दलौदा महाविद्यालय में विक्रम विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**दलौदा, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा में पहली बार विक्रम विश्वद्यालयीन परीक्षा केंद्र में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हेमंत धनोतिया के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ शैलेंद्र मालीवाड़ की अध्यक्षता में बीएससी तृतीय वर्ष, बीए तृतीय वर्ष एवं बीकॉम तृतीय वर्ष का पहला प्रश्नपत्र सम्पन्न हुआ है। प्राचार्य डॉ . शैलेंद्र मालीवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महाविद्यालय में विक्रम विश्वविद्यालय ने पहली बार परीक्षा केंद्र प्रारम्भ करने अनुमति दी है, जिससे दलौदा शहर के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं पहले प्रश्नपत्र की परीक्षा देकर बड़े हर्षोल्लासीत थे और छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल हे छात्र छात्राओं को पूर्व में मंदसौर परीक्षा देना जाना पड़ता था वो परेशानी अब खत्म हुई हे छात्र छात्राओं द्वारा परीक्षा प्रारंभ कराने को लेकर मंदसौर के शासकीय महाविद्यालय से 2 पर्यवेक्षक डॉ .गौरव पाटीदार, प्रो.संदीप सोनगरा सहित सभी प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया है। यह परीक्षा पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के साथ प्रारंभ हुई है, इस पर जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत धनोतिया ने परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है एवं सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही वर्तमान में महाविद्यालय में तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थी प्रात: पाली 7 से 10, कला संकाय 11 से 2 तथा वाणिज्य संकाय दोपहर 3 से 6 बजे तक परीक्षा देगे। महाविद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र मालिवाड़ ने विद्यार्थीयो को निर्धारित समय से पूर्व पहुंचने का आग्रह किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर ने 44 आवेदकों की समस्याएं सुनी



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 44 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। आवेदक पप्पुसिंह निवासी भाटरेवास द्वारा विद्युत मिटर खराब होने पर मिटर परिवर्तन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर कलेक्टर ने एमपीईबी विभाग को कार्यवाही कर समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता बापूलाल पाटीदार निवासी आकोदड़ा तह. दलोदा जिला मंदसौर द्वारा नाली निर्माण कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर सीईओ जनपद को समाधान करने के निर्देश दिए। आवेदक पर्वतसिंह पिता वरधा डांगी निवासी विशनिया द्वारा गेहू कि फसल आग से जलजाने से आर्थिक सहायता प्राप्त करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर संबंधित तहसीलदार को जांच कर नियमानुसार मदद करने के निर्देश दिए। आवेदक विष्णुबाई पति मांगीलाल निवासी नापाखेड़ा तह. मल्हारगढ़ जिला मंदसौर द्वारा म.प्र. शासन द्वारा दिये गये पट्टे एवं पंचसाला खसरे में नाम दर्ज होने के बाद भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा कम्प्युटर रेकार्ड में नाम दर्ज नहीं किये जाने पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस हेतु मल्हारगढ़ एसडीएम को समुचित कार्यवाही कर शिकायत निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सभी जिले अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## सांसद गुप्ता ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नीमच आने का निमंत्रण दिया




**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने दिल्ली स्थित गृह मंत्रालय में गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर उन्हें सीआरपीएफ की जन्मस्थली नीमच आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह नीमच स्थित सीआरपीएफ में सरकार ने निरंतर विकास कार्य कर एक आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर विकसित किया है जो प्रतिवर्ष देश को सीआरपीएफ, अधिकारी और सैनिक प्रदान करता है। सीआरपीएफ नीमच देश के महत्वपूर्ण सीआरपीएफ संस्थानों में से एक है। साथ ही सांसद गुप्ता ने क्षेत्र के विकास कार्यों र्को लेकर भी चर्चा की। वह संसदीय क्षेत्र के किसानों व सरकार द्वारा किए जा रहे हैं कृषि कल्याण कार्यों के संबंध में गृहमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में उन्नत कृषि में यहां के मेहनती किसानों भाइयों का अभूतपूर्व योगदान है और नीमच सीआरपीएफ का दर्जा क्षेत्र के महत्वपूर्ण शासकीय सैनिक संस्थानों में से एक है। क्षेत्र में चल रही कृषि कल्याण सहकारी संस्थाओं के बारे में भी अवगत कराया और कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान लगातार लाभांवित हो रहे हैं वही मोदी सरकार ने जो किसान कल्याणकारी योजनाएं बनाई है उसके तहत क्षेत्र के किसान भाई लगातार उन्नति कर रहे हैं। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें नीमच दौरे पर आने के लिए भरोसा दिलाया और निश्चित ही जल्द सीआरपीएफ नीमच क्षेत्र का दौरा करेंगे। इसी के साथ ही सांसद गुप्ता ने नरेंद्र मोदी देश सेवा के 10 साल जो द्वारा संकलित की गई जानकारियां पुस्तक रूप में माननीय अमित शाह जी को भेंट की।

## पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन अल्प प्रवास पर मंदसौर आए

### अपने पुराने सहयोगी शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ तोमर की माता जी के निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट करने उनके निवास पहुंचे, परिजनों से मिले



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजपुर विधायक श्री बाला बच्चन का मंगलवार दोपहर अल्प प्रवास पर मंदसौर आगमन हुआ। श्री बच्चन अपने पुराने सहयोगी एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के भागवत नगर मंदसौर स्थित निवास पर पधारे, जहां पर उनकी माता जी श्रीमती शांति देवी जी तोमर के निधन पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने परिजनों से मिलकर सबको इस दु:ख की घड़ी में अपनी ओर से भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उनके साथ मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक विपिन जी जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण जी पाटिल, जिला पंचायत सदस्य भोपालसिंह सोलंकी, जगदीश धनगर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशौरा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राज नारायण लाड़, कांग्रेस नेता निर्विकार रातडिया, गणपत पवार, चेतन पाटीदार, राजू पोरवाल, जगदीश कोठारी, सम्यक जैन, वीरेंद्रसिंह सोलंकी, राजकुमार कुमावत, मुकेश कुमावत आदि मौजूद थे।

## नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए लोकसेवा गारंटी, सीपी ग्राम, 181 का प्रशिक्षण दिया

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागृह सुशासन भवन में मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010, सीएम हेल्पलाइन, सीपीग्राम संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री सत्येंद्र राठौर, लोक सेवा प्रबंधक श्री वैभव बैरागी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सुशासन गुड गवर्नेंस के संबंध में महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी साथ ही सीएम हेल्पलाइन के संतुष्टि पूर्वक व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के संबंध में ग्रेडिंग पैरामीटर, ग्रेडिंग माह की शिकायतों के निराकरण के संबंध में निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायत, मर्ज शिकायत, मांग व सुझाव स्पेशल क्लोज़र शिकायतें, नॉट अटैंड शिकायतें, कार्य क्षेत्र से बाहर की गई शिकायतें 50 दिवस 100 दिवस से अधिक दिनों तक लंबित शिकायतो एवं सीएम डैशबोर्ड, क्षेत्रवार रिपोर्ट मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन पर शिकायतों के निर्धारण संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी साझा की गई।

## जिला चिकित्सालय में अब सम्मान के साथ मरीजों को भोजन थाली में मिलेगा-विधायक जैन



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर तरीके से व सम्मान के साथ भोजन मिले इसके लिए आज लोकप्रिय विधायक विपिन जैन के हाथों मरीज को थाली में भोजन देने की देने की शुरुआत की गई। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय में दूर दराज से इलाज कराने आए लोगों को जिला चिकित्सालय में भोजन थाली में नहीं मिलता था। कई बार बाहर से आए मरीजों के पास में बर्तन ना होने से भोजन अखबारी कागज व हाथ में ही लेना पड़ता था सो इस अव्यवस्था को आज दूर करने का प्रयास किया गया है।

विधायक श्री जैन ने आगे कहा मेरे संज्ञान में कोई भी समस्या आती है तो मैं उसे दूर करने का पूरा प्रयास करता हूं, मुझे खुशी है कि अब मरीजो को भोजन सम्मान के साथ निरंतर मिलेगा। इस अवसर पर सर्वश्री मनोहर नाहटा, राजनारायण लाड़, राजेश फरक्या, शैलेंद्र बघेरवाल, रामचंद्र पाटीदार, सुनील गुप्ता, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, रमेश सिंगार, दशरथ सिंह राठौर, चंद्रशेखर अहिरवार, शिवलाल सोनावत, सादिक गोरी, अजय सोनी, संजय नाहर, श्याम साल्वी, राजेश खींची, श्रीमती वर्षा सांखला, जीवन चौहान, विजय सिसोदिया, राकेश सेन, शैलेश माली, गगन माली, अमीन खान, मनोहर गुर्जर, कालूराम पाटीदार साथ ही इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डॉक्टर कंपाउंडर, नर्स और स्टाफ मौजूद रहे।



## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रमाण पत्र वितरीत किये

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट, महिला सिलाई एवं कंप्यूटर अकाउन्टिंग की बैच को प्रमाण पत्र वितरण किये गये। जिसमें 65 प्रशिक्षणार्थियो ने भाग लिया। जिसमे जिला अग्रणी प्रबंधक श्री संजय कुमारजी मोदी द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किए गये एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सभी को बीमा कराने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक पशुपालन डेयरी श्री मनीषजी इंगोले, जिला परियोजना प्रबंधक श्री अनिलजी मरावी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्री दिनेश चम्पेवार, डीडीएम नाबार्ड श्री योग्रन्द्र सैनी, जिला व्यापार एव उद्योग केंद्र श्री मानव व एनआरएम से डीएम स्किल श्रीमति सोनिया कटारा उपस्तिथ थे। प्रतिभागियों को जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनायें दी गयी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संकाय सदस्य श्री सचिन अठवाल व श्रीमती रविना प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यालय सहायक रानी पाटीदार, अटेंडर श्री विजय शर्मा उपस्तिथ थे।

## एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर का सप्त दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ ग्राम भूनिया खेड़ी में हुआ। शिविर उद्घाटन में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के ट्रस्टी श्री सुखलाल पाटीदार एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाटीदार ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक विशाल शर्मा उपस्थित थे। श्री सुखलाल पाटीदार ने इस अवसर पर शिविरार्थियों को एनएसएस के महत्व और समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास से संबंधित उद्बोधन दिया।

## नानी बाई रो मायरो का भव्य आयोजन कल से

### कलश यात्रा, मायरे की शोभायात्रा व सांवरिया सेठ का भण्डारा होगा

**पिपलियामंडी, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंडफिया मित्र मंडल (पैदल यात्रा संघ) पिपलियामंडी द्वारा 27 से 29 मार्च तक नानीबाई रो मायरो का नगर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 27 से 29 मार्च तक प्रात: 11.30 से सायं 4 बजे तक क्रांतिकारी प्रवक्ता पं. मनोज कश्यप शेरपुर वाले द्वारा नानीबाई रो मायरो कथा का श्रवण कराया जाएगा।

27 मार्च को प्रात: 9 बजे से पंचमुखी बालाजी मंदिर रेलवे फाटक के पास से कलश यात्रा निकलेगी। जिसमें माताएं बहने पीले व लाल वस्त्र में शामिल होगी। सभी माताओ-बहनो को मंडल द्वारा कलश व त्रिवेणी संगम गंगा, यमुना और सरस्वती नदी का जल भरकर दिया जाएगा। कलश यात्रा के पश्चात यह कलश और जल माताए-बहने अपने घर लेजा कर इस जल का लाभ उठाएगी। इस जल का अपने घर मे छिड़काव करने से घर मे सुख समृद्धि बनी रहती है और नकारात्मकता ख़त्म होती है, ऐसा माना जाता है कि संगम के पवित्र जल से स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और आत्मा शुद्ध होती है, त्रिवेणी संगम जल में स्नान से मोक्ष (आध्यात्मिक मुक्ति) की प्राप्ति का साधन माना जाता है, यह स्नान से अमृत स्नान के समान माना जाता है। इस यात्रा के बाद आप सभी का अल्पाहार की व्यवस्था भी मंडल द्वारा कथा स्थल पर की जाएगी।

29 मार्च को मायरे की शोभायात्रा स्टेशन बालाजी से प्रात: 9 बजे कथा स्थान पहुंचेगी साथ ही 29 मार्च को ही शाम 4 बजे से सांवरिया सेठ का भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है इसमे आप सभी माताएं बहने अपने परिवार सहित प्रसादी का धर्मलाभ लेगी। मंडफिया मित्र मंडल पैदल यात्रा संघ सभी से कलश यात्रा, मायरे की शोभायात्रा व सांवरिया सेठ के भंडारे में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



## सोमयज्ञ सकाम होता है इससे सुप्त कामनाएं भी पूरी होती है

### कुमावत समाज, नपा और जनपद परिवार यज्ञ की पूरी पाली में होंगे सम्मिलित



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सभी यज्ञों में सबसे बड़ा सोमयज्ञ सकाम यज्ञ होता है जो हमारी सभी सुप्त कामनाओं को पूरी करता है।

इन्हीं भावों के साथ श्री वाजपेई महासोम यज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण विभिन्न संस्थाओं संगठनों व समाज प्रमुखों से मुलाकात कर यज्ञ में अधिक से अधिक जोड़े बैठे यह अनुरोध कर रहे हैं ताकि इस अनमोल अनुपम दुर्लभ अवसर का लाभ सभी को प्राप्त हो श्र इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर से समिति ने भेंट कर उन्हें आमंत्रण पत्रक दिया और सोमयज्ञ के आयोजन की पूरी जानकारी प्रदान की इस अवसर पर जलकल सभापति निलेश जैन पार्षद आशीष गौड़, सुनीता गुजरिया सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, नपा अधिकारी श्री धार्वे, तथा राजेश गुर्जर, आदि उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने सोमयज्ञ की एक पाली में नगर पालिका परिवार के पार्षद अधिकारी कर्मचारी गण भी सम्मिलित होंगे यह संकल्प व्यक्त किया। इसी प्रकार जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा से भी समिति ने मुलाकात कर स्वामी यज्ञ में जनपद परिवार भी सम्मिलित हो या अनुरोध किया श्री शर्मा ने समिति को आश्वस्त किया कि जनपद परिवार के जोड़े एक पूरी पाली में बैठकर आहुति देंगे। नरसिंहपुरा स्थित श्री राम जानकी मंदिर में कुमावत समाज के महानुभावों के साथ बैठक में समिति के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। और कुमावत समाज के अध्यक्ष श्री राधेश्याम बरानिया पार्षद गोवर्धन कुमावत, लोकेश कुमावत पूर्व पार्षद राधेश्याम कुमावत तथा समाज के वरिष्ठजनों को आमंत्रण पत्रक भेंट किए। कुमावत समाज द्वारा एक पूरी पाली में 84 जोड़े बैठने का संकल्प लिया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा तथा सर्वश्री मानसिंह माछोपुरिया, विजय सुराणा, के के बाहेती, हेमंत शर्मा, डॉ.रवींद्र पाण्डेय, उमेश पारीख, राजेश नामदेव, दाऊभाई विजयवर्गीय, गौरव अग्रवाल, ब्रजेश जोशी, प्रदीप भाटी, संजय गोठी, प्रद्युमन शर्मा आदि संपर्क अभियान में शामिल हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमन्त शर्मा ने दी

## मोटापे, हार्ट अटैक सहित अन्य बीमारियों को रोकने की दिशा में जन-जागरूकता का कार्य करेंगे नामांकित सदस्य-दीक्षित

### प्रधानमंत्री के आव्हान अनुसार 10 सदस्य नामांकित



**मंदसौर, 25 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विगत माह में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा बताए गए दिशा-निर्देशों को आगे बढ़ाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मंदसौर जिले में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए समाज के 10 प्रमुख व्यक्तियों को नामांकित किया है। जिसमें आचार्य डॉ. देवेंद्र जी शास्त्री (श्रीमद् भागवत मर्मज्ञ), किन्नर गुरु मंगलमुखी अनीता दीदी, श्री दशरथ शर्मा भाई जी ( रामकथा प्रवक्ता), डॉ. डी.के. शर्मा - सिविल सर्जन, श्री आलोक मोहन शर्मा - वरिष्ठ पत्रकार, श्री महावीर जैन - युवा पत्रकार, श्री विशाल गोयल - युवा उद्योगपति, श्री प्रीतेश चावला - युवा व्यवसायी पूर्व चेयरमैन, रेडक्रॉस सोसायटी, श्री विकास भंडारी - चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉ. योगेंद्र कोठारी - चिकित्सक एवं अस्पताल संचालक को नामांकित किया गया है। उपरोक्त सभी नामांकित सदस्य गण मंदसौर जिले में इस अभियान को विस्तृत करने हेतु अपने साथ 10-10 अन्य सदस्यों को नामांकित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशानुरूप स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को जन-जन तक पंहुचायेगें। श्री दीक्षित ने आगे बताया की यह अभियान केवल भोजन में तेल की खपत को 10 प्रतिशत तक कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मोटापा कम करने, हृदय रोग और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों से बचने के लिए भी प्रेरित करेगा है।


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक क्यू — मंदसौर, दिनांक 26.03.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जेडई 5852 जो कि परिवहन कार्यालय में बद्रीनारायण पाटीदार पिता फूलचंद पाटीदार ग्राम साखतली, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती राजूबाई पाटीदार पति स्व. बद्रीनारायण पाटीदार, ग्राम साखतली, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in